हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 30 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 35.6°c
न्यूनतम 27.0°c

**शहर में आज**
- बिजली कर्मियों की बैठक सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- उपायुक्त सचिन गुप्ता की सुबह 11 बजे अधिकारियों के साथ बैठक
- एडीसी ऑफिस में अलग-अलग विभागों की बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से

## रसूखदार ठेकेदार: बिना बारी टेंडर व बिना काम भुगतान लेकर फरार

### पार्कों में झूले और जिम लगाने का लिया था टेंडर, पार्षद उठा रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

शहर के पार्कों में बच्चों की खिलखिलाहट अब टूटे झूलों के बीच सिमट गई है, जबकि युवाओं और बुजुर्गों के लिए लगाए गए ओपन जिम भी जंग खाकर बेकार हो चुके हैं। विडंबना यह है कि इनकी मरम्मत के लिए नगर निगम ने एक वर्ष पहले बाकायदा टेंडर जारी किया था, लेकिन ठेका लेने वाला ठेकेदार कुछ काम करने के बाद ही गायब हो गया। इससे भी गंभीर बात यह है कि बिना काम कराए ही राजनीतिक दबाव में ठेकेदार का भुगतान किए जाने की चर्चा अब नगर निगम की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रही है। स्वयं पार्षद भी ऐसे आरोप लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ठेकेदार रसूखदार था और उसकी पहुंच सचिवालय तक थी।



**एक साल पहले दिया गया था ठेका**

जानकारी के अनुसार, निगम क्षेत्र में करीब 166 पार्क और ग्रीन बेल्ट हैं। इन पार्कों में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और युवाओं व बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कई साल पहले ओपन जिम मशीनें लगाई गई थीं। समय के साथ अधिकांश स्थानों पर झूले टूट गए, जिम मशीनें खराब हो गईं और कई उपकरण जंग लगने के कारण पूरी तरह अनुपयोगी हो चुके हैं। कई पार्कों में तो उपकरणों के टूटे हिस्से लोगों के लिए हादसे का कारण भी बन सकते हैं। कई जगह से मशीनें चोरी तक हो चुकी हैं। इन खराब उपकरणों की मरम्मत के लिए नगर निगम ने लगभग एक वर्ष पहले टेंडर प्रक्रिया पूरी कर एक ठेकेदार को जिम्मेदारी सौंपी थी। उम्मीद थी कि शहर के सभी पार्कों में चरणबद्ध तरीके से मरम्मत कार्य होगा और लोग फिर से इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। लेकिन टेंडर मिलने के बाद ठेकेदार ने कई जगह काम ही शुरू नहीं किया। नगर निगम के रिकॉर्ड में भले ही प्रक्रिया पूरी दिखाई गई हो, लेकिन जमीनी स्तर पर पार्कों की स्थिति जस की तस बनी हुई है।

#### कई बार की गई शिकायत

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार निगम अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार जल्द मरम्मत कराने का आश्वासन ही मिला। बच्चों को टूटे झूलों के कारण निराश होकर लौटना पड़ता है, जबकि सुबह-शाम व्यायाम करने आने वाले लोग खराब जिम मशीनों का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। कई पार्कों में उपकरण इतने अधिक क्षतिग्रस्त हैं कि उन्हें हटाना भी जरूरी हो गया है। सूत्रों के अनुसार, ठेकेदार द्वारा काम नहीं किए जाने के बावजूद उसे भुगतान कर दिया गया। बताया जा रहा है कि यह भुगतान राजनीतिक दबाव में किया गया, जिससे पूरे मामले पर सवाल उठने लगे हैं। यदि यह आरोप सही हैं तो यह न केवल सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला है, बल्कि नगर निगम की निगरानी व्यवस्था और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है।

#### होनी चाहिए निष्पक्ष जांच

स्थानीय नागरिकों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि यह स्पष्ट होना चाहिए कि बिना काम के भुगतान किस आधार पर किया गया और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। साथ ही दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई कर पार्कों में जल्द मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए, ताकि करोड़ों रुपये की लागत से विकसित की गई सार्वजनिक सुविधाएं फिर से लोगों के उपयोग में आ सकें।

## अपहरण के बाद युवक की हत्या, झज्जर में मिला शव

**काठमंडी का रहने वाला था युवक, परिजन बोले- पैसों के लेनदेन में मार डाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

काठ मंडी क्षेत्र से अगवा किए गए युवक की हत्या का मामला सामने आया है। उसका शव झज्जर के एक अस्पताल में मिला। पुलिस ने इस मामले में कई लोगों को नामजद कर जांच तेज कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मृतक सुनील 28 जुलाई की रात करीब 1 बजे अपने दोस्तों सुमित कौशल और सनी के साथ काठ मंडी पुल के नीचे बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान स्कॉर्पियो में सर्वेश, तनवीर, दीपक चिकारा और कार्तिक उर्फ छुट्टन वहां पहुंचे। उन्होंने पहले सुनील को पीटा और फिर हथियारों के बल पर उसे जबरन स्कॉर्पियो में बैठाकर फरार हो गए।

इसके बाद सुनील का फोन बंद हो गया, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि सुनील और सर्वेश के बीच पैसों का लेनदेन था, जिसे वारदात की संभावित वजह माना जा रहा है।

#### पुलिस जोड़ रही कड़ियां

पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर सुनील की तलाश शुरू कर दी थी। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया, जब पुलिस ने परिजनों को सूचना दी कि उसका शव झज्जर के एक अस्पताल में मिला है। परिजनों ने आरोप है कि यह कोई सामान्य मौत नहीं, बल्कि सुनील की सुनियोजित हत्या है। उन्होंने मामले में कई लोगों को नामजद करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और सभी पहलुओं से मामले की पड़ताल की जा रही है। फिलहाल रोहतक में अपहरण से लेकर झज्जर में शव मिलने तक की सभी कड़ियां जोड़ रही है।

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

मृतक का परिवार मूल रूप से अयोध्या का रहने वाला है। परिवार में तीन भाई और एक बहन हैं। पिता पूर्णवासी फल बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बेटे की मौत की खबर से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस का कहना है कि मामले की सूचना परिजनों को दे दी गई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मौत के कारणों और परिजनों के आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

**खबर संक्षेप**

### हत्या के मामले में फरार 5 हजारी संतोष गिरफ्तार

**रोहतक।** वर्ष 2022 में एकता कॉलोनी के पास सीवर से मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने ₹5 हजार के इनामी फरार आरोपी संतोष पुत्र देवनारायण, निवासी तमौतपरसा (बिहार) को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 14 फरवरी 2022 को सीवर से शव मिला था, जिसकी पहचान बाद में बिहार निवासी रामआश्रय के रूप में हुई। थाना शिवाजी कॉलोनी में हत्या, साक्ष्य मिटाने और लूट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। सीआईए - 2 के एएसआई संदीप की जांच में खुलासा हुआ कि रामआश्रय के पास नकदी होने के लालच में संतोष और उसके साथी निलेश ने पहले गला घोंटा, फिर लोहे की रॉड से हत्या कर शव सीवर में फेंक दिया। निलेश पहले ही गिरफ्तार हो चुका है, जबकि संतोष 28 जुलाई 2026 को पकड़ा गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### किला मोहल्ले के युवक का शव नहर में मिला

**रोहतक।** शहर से बाहर बहने वाली जेएलएन नहर में बुधवार को एक युवक का शव मिला है। आईएमटी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया है। मृतक की पहचान किला मोहल्ला निवासी अमित चावला के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार अमित लंबे समय से मानसिक रूप से बीमार था और करीब 10 वर्षों से उपचार चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## गोवा टूर के नाम पर कारोबारी से 3.70 लाख ठगे, फ्लाइट टिकट व होटल बुकिंग मिली फर्जी

**रोहतक।** जनता कॉलोनी निवासी एक कारोबारी से गोवा यात्रा के नाम पर 3,70,400 की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि ट्रैवल बुकिंग के नाम पर फ्लाइट टिकट और होटल बुकिंग का झांसा देकर रकम ऐंठ ली गई। बाद में एयरलाइंस और होटल से जांच कराने पर सभी बुकिंग फर्जी निकलीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**20 कर्मचारियों ने बनाई थी भ्रमण की योजना**

पुलिस को दी शिकायत में जनता कॉलोनी निवासी मनीष गर्ग ने बताया कि वह सुमानी फार्मास्यूटिकल्स के संचालक हैं। उन्होंने अपने 20 कर्मचारियों के लिए गोवा भ्रमण की योजना बनाई थी। इसके लिए रोहतक के अमन शर्मा, जो रोवर बुड्डीज टूर एंड ट्रेवल के नाम से काम करता है, से संपर्क किया। अमन ने उन्हें लॉट्स ऑफ ट्रैवल कंपनी के कैलाश राठौड़ से हवाई टिकट बुक कराने की सलाह दी। कैलाश ने 19 कर्मचारियों के लिए गोवा आने-जाने का हवाई किराया 11,600 प्रति व्यक्ति बताया। आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज लेने के बाद उसने अलग-अलग किस्तों में कुल 3,70,400 अग्रिम राशि अपने खाते में जमा करवा ली। इसके बाद उसने आकाश एयरलाइंस और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पीएनआर नंबर भेज दिए। जब मनीष गर्ग ने संबंधित एयरलाइंस से संपर्क किया तो पता चला कि दिए गए सभी पीएनआर नंबर फर्जी हैं। जांच में होटल बुकिंग भी फर्जी निकली। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने पुलिस में शिकायत दी।

## इंस्टा पर दोस्ती, फिर ब्लैकमेल; अब रेप

**बीकॉम छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने शुरू की जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती एक छात्रा के लिए दर्दनाक साबित हुई। गुरुग्राम की रहने वाली बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा ने आरोप लगाया है कि स्कूल के समय के परिचित युवक ने पहले उससे रुपये लिए, फिर सोने के जेवर मंगवाए और बाद में रोहतक बुलाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने अश्लील वीडियो बनाने की धमकी देकर लंबे समय तक उसे ब्लैकमेल किया और लाखों रुपये के आभूषण भी ले लिए। शिकायत पर अर्बन स्टेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गुरुग्राम छात्रा ने शिकायत में बताया कि जब वह दसवीं कक्षा में पढ़ती थी, तब उसके साथ पढ़ने वाले गौरव ने इंस्टाग्राम पर संपर्क किया। बातचीत के दौरान आरोपी उससे बार-बार रुपये मांगने लगा। पीड़िता का आरोप है कि उसने कई बार रुपये दिए और बाद में आरोपी के कहने पर अलग-अलग स्कैनर पर भी पैसे ट्रांसफर किए।

#### शिकायत में ये भी लगाए आरोप

शिकायत में कहा गया है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने घर से सोने के जेवर लाने की बात कही। उसने मांग का टीका, सोने की अंगूठी समेत अन्य आभूषण भी आरोपी को दे दिए, लेकिन न रुपये लौटाए गए और न ही जेवर। आरोपी ने उसे 3 दिसंबर 2025 को रोहतक बुलाया और सेक्टर-14 स्थित एक मकान में ले गया। वहां आरोपी ने उससे जबरदस्ती दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाने का दावा कर इसे वायरल करने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार घटना के समय वह 17 वर्ष 8 महीने की थी। इसके बाद आरोपी लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा और सोने का हार, चूड़ियां, कंगन, मंगलसूत्र, झुमके, अंगूठियां, चेन, नथ सहित अन्य सोने-चांदी के आभूषण भी ले लिए। अर्बन स्टेट थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पीजीआई के पूर्व एमएस डॉक्टर कुंदन मित्तल को भी मिल सकती है एक्सटेंशन

**एक दिन पहले ही डायेक्टर डॉ.सुरेश सिंघल को दी गई है प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

प्रदेश सरकार एक बार फिर पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (पीजीआईएमएस), रोहतक के अनुभवी और बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों पर भरोसा जताती नजर आ रही है। डायरेक्टर डॉ. सुरेश सिंघल को हाल ही में हरियाणा स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल का चेयरपर्सन नियुक्त करने के बाद अब चर्चाएं तेज हैं कि पूर्व चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ कुंदन मित्तल को भी सेवा विस्तार (एक्सटेंशन) मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह सरकार की उस नीति का संकेत होगा, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सेवानिवृत्ति के बाद भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं।

#### प्रशासनिक स्तर पर चर्चाएं तेज

स्वास्थ्य विभाग और विवि के गलियारों में चर्चा है कि पूर्व चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) को भी सेवा विस्तार मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार सरकार इस संबंध में विचार कर रही है। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं हुआ है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इस संभावना को लेकर चर्चाएं तेज हैं। इससे पहले भी सरकार ने पीजीआईएमएस से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों पर भरोसा जताते हुए कार्यकारी कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल को स्थायी कुलपति नियुक्त किया था। पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय तिवारी को देश के सर्वोच्च दंत चिकित्सा नियामक निकाय, राष्ट्रीय दंत आयोग का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। सरकार ने उन्हें यह जिम्मेदारी देकर यह स्पष्ट संकेत दिया गया कि बेहतर प्रशासनिक क्षमता और कार्यशैली रखने वाले अधिकारियों को सरकार लगातार अहम दायित्व सौंप रही है। डॉ कुंदन मित्तल शिशु रोग विशेषज्ञ के तौर पर देश भर में विख्यात हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी आधार पर उनके सेवा विस्तार की संभावना जताई जा रही है।

## प्लॉट बेचने के नाम पर महिला से की 12 लाख रुपये की ठगी

**रोहतक।** प्लॉट खरीदने के नाम पर सोनीपत निवासी एक महिला से 12 लाख की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने खुद को प्लॉट का मालिक बताकर जाली दस्तावेज दिखाए और पूरी रकम लेने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सोनीपत निवासी संतोष कुमारी ने बताया कि वह 23 मार्च को रोहतक में प्लॉट खरीदने के लिए आई थीं।

इस दौरान प्रदीप कुमार नामक व्यक्ति ने खुद को प्लॉट का मालिक बताते हुए एक पूर्ण भुगतान समझौता और अन्य दस्तावेज दिखाए। दस्तावेजों पर भरोसा करते हुए उन्होंने आरोपी को 12 लाख का भुगतान कर दिया। दोनों के बीच 20 जून को प्लॉट की रजिस्ट्री कराने की बात तय हुई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार जब रजिस्ट्री की तिथि नजदीक आई तो प्रदीप कुमार उनसे संपर्क से बाहर हो गया। जांच कराने पर पता चला कि जिस प्लॉट का सौदा किया गया था, वह प्रदीप के नाम पर न होकर कांता देवी के नाम दर्ज है। इसके बाद महिला को अपने साथ हुई ठगी का पता चला। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है और दस्तावेजों तथा वित्तीय लेनदेन की जांच की जा रही है।

**मिशन एडमिशन** | दूसरी काउंसिलिंग में भी दिखी कम रुचि

## एमडीयू के 20 डिप्लोमा-सर्टिफिकेट कोर्सों पर संकट, 50% दाखिले न हुए तो होंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में इस समय विभिन्न स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया जारी है। मंगलवार को दूसरी काउंसिलिंग आयोजित की गई।

इसी बीच विश्वविद्यालय की प्रवेश पुस्तिका में एक महत्वपूर्ण शर्त सामने आई है। इसके अनुसार, जिन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में निर्धारित सीटों पर कम से कम 50 प्रतिशत दाखिला नहीं होंगे, उन पाठ्यक्रमों का संचालन नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों में पिछले पांच से छह वर्षों के दौरान रोजगारोन्मुखी सोच के साथ करीब 20 डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किए गए थे।

**छात्रों को दिखाए थे बड़े सपने**

ये कोर्स जब शुरू किए गए तो यूनिवर्सिटी की तरफ से इनको लेकर बड़े सपने छात्रों को दिखाए गए थे। लेकिन व्यवहारिक रूप से सही नहीं थे। क्योंकि इनमें रोजगार देने की क्षमता ही नहीं थी। इसी वजह से आज इन कोर्स की तरफ छात्र झांकते तक नहीं हैं। एमडीयू ही नहीं, सुपवा में भी ऐसे ही कोर्स कुछ साल पहले प्रारंभ किए गए थे, इन्हें बाद में बंद करना पड़ा। कहीं ऐसा हो कि एमडीयू को भी ये कोर्स बंद करने पड़ें। यदि किसी पाठ्यक्रम में स्वीकृत सीटों की आधी संख्या भी नहीं भरती है तो विश्वविद्यालय उस कोर्स की कक्षाएं शुरू नहीं करेगा। इससे जिन विद्यार्थियों ने ऐसे कोर्स को प्राथमिकता दी है, उन्हें दूसरे विकल्प तलाशने पड़ सकते हैं।

#### विभागों की निगाहें खाली सीटों पर

दूसरी काउंसिलिंग के बाद अब विभागों की निगाह रिक्त सीटों पर है। कई विभागों ने खाली सीटों की सूची भी जारी कर दी है। प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कौन-कौन से डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स इस सत्र में संचालित होंगे और किन पाठ्यक्रमों को पर्याप्त संख्या में विद्यार्थी नहीं मिलने के कारण बंद रखना पड़ेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का तर्क है कि बहुत कम विद्यार्थियों के लिए अलग से शिक्षक, प्रयोगशाला और अन्य संसाधन उपलब्ध कराना व्यावहारिक नहीं होता। इसलिए न्यूनतम 50 प्रतिशत सीटें भरना अनिवार्य रखा गया है। वहीं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि यदि नए और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों का पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए तो इनकी मांग बढ़ सकती है।

**जानिए... किस डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स में हैं कितनी सीटें**

प्रमुख डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्सों में 3डी प्रिंटिंग एंड डिजाइन में सर्टिफिकेट कोर्स (20 सीट), कम्युनिकेशन स्किल्स इन इंग्लिश लैंग्वेज (30 सीट), स्पेनिश भाषा सर्टिफिकेट कोर्स (30 सीट), फ्रेंच भाषा सर्टिफिकेट कोर्स (30 सीट), जर्मन भाषा सर्टिफिकेट कोर्स (30 सीट), अनुवाद (अंग्रेजी-हिंदी-अंग्रेजी) में पीजी डिप्लोमा (30 सीट), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग (फार्मास्यूटिकल साइंसेज) सर्टिफिकेट कोर्स (30 सीट), कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी में पीजी डिप्लोमा (20 सीट), भारतीय सांकेतिक भाषा (डीआईएसएलआई) कार्यक्रम (30 सीट) तथा विभिन्न विभागों के अन्य कौशल आधारित सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम शामिल हैं।



## मानव सेवा करने का दिया संदेश, दिनभर चले पूजन, सत्संग, भजन संध्या व भंडारे

# गुरु पूर्णिमा पर शहर भक्तिमय, मठ-मंदिरों और आश्रमों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को रोहतक के मठों, मंदिरों और आश्रमों में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीबाबा मस्तनाथ मठ, गोकर्ण तीर्थ, संकट मोचन मंदिर, बाबा कालीदास धाम सांपला, श्रीतेजराम आश्रम मंदिर तथा वैदिक भक्ति साधन आश्रम सहित जिले के अनेक धार्मिक स्थलों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गुरुजनों की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वैदिक मंत्रोच्चार, गुरु वंदना, भजन-कीर्तन, यज्ञ, सत्संग और विशाल भंडारों के बीच पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।अस्थल बोहर स्थित श्री बाबा मस्तनाथ मठ में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने ब्रह्मलीन गुरुजनों की समाधियों पर श्रद्धापूर्वक माथा टेककर सुख, शांति और आत्मज्ञान की कामना की। मठ के पीठाधीश्वर महंत बालकनाथ योगी ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि जीवन के सच्चे पथप्रदर्शक और आत्मज्ञान के सेतु हैं। गुरु के उपदेशों को जीवन में उतारना ही वास्तविक गुरु भक्ति है। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी महंत बालकनाथ योगी से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गोकर्ण तीर्थ स्थित ब्रह्मलीन बाबा लक्ष्मण पुरी के डेरे में भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। जूना अखाड़ा के उपाचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। स्वामी कपिल पुरी महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और गुरु-शिष्य संबंध का महापर्व है। उन्होंने युवाओं से सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि गोकर्ण तीर्थ में अयोध्या की तर्ज पर भव्य राम मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है। महोत्सव में गायिका रोहिणी सिस्टर के भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।



रोहतक। टिकाना सत बाबा सांवल शाह आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी राघवेन्द्र भारती से आशीर्वाद लेते भाजपा नेता मोहन लाल बड़ोली, एडीजीपी राजश्री व पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ।

### टिकाना सत बाबा सांवल शाह आश्रम में मनाई गुरु पूर्णिमा

टिकाना सत बाबा सांवल शाह आश्रम में गुरुपूर्णिमा मनाई। इस मौके पर भाजपा नेता एवं चेयरमैन मोहन लाल बड़ोली, एडीजीपी राजश्री, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज सोनीपत, जिलाध्यक्ष रोहतक भाजपा रणबीर ढाका, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल एवं आश्रम के भक्तों ने महामंडलेश्वर स्वामी राघवेन्द्र भारती से आश्रम में आकर आशीर्वाद लिया। स्वामी शंकरानंद ने भजन सत्संग कर सभी को आशीर्वाद दिया।



महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।



समाधियों पर माथा टेककर शांति की कामना करते पीठाधीश्वर महंत बालकनाथ योगी।

### गुरु सिखाते हैं जीवन जीने की सही दिशा

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में गुरु पूर्णिमा (व्यास पूजा) का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रात काल ब्रह्मलीन गुरुमां साध्वी गायत्री, गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी तथा देवी-देवताओं की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भजन संध्या, सत्संग, कीर्तन और आरती का आयोजन हुआ। हांसी से आई भजन गायिका पूनम ने अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि जीवन माता-पिता से मिलता है, लेकिन जीवन जीने की सही दिशा गुरु सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि कलियुग में गुरु के बिना भवसागर पार करना संभव नहीं है और गुरु ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं।



### यजुर्वेद पारायण यज्ञ की पूर्णाहुति

आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में चार दिवसीय यजुर्वेद पारायण यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। विश्ववारा कन्या गुरुकुल रुड़की की ब्रह्मचारिणियों ने सस्वर वेद पाठ प्रस्तुत किया। आचार्या पद्मश्री डॉ. सुकामा ने कहा कि ईश्वर ही परम गुरु हैं और गुरु-शिष्य परंपरा के कारण ही वेद ज्ञान आज तक सुरक्षित है। आश्रम में संस्थापक महात्मा प्रभु आश्रित जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। आचार्य सत्यजित ने कर्म, आयु और प्रकृति के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि आश्रम के मंत्री जितेंद्र मेहता ने बताया कि आश्रम में स्थापित यज्ञ की अग्नि भारत विभाजन के समय पश्चिमी पंजाब से लाई गई थी, जो आज भी अखंड रूप से प्रज्वलित है।



## न्यूज डायरी

### श्री तेजराम आश्रम मंदिर में की गुरु पूजा



रोहतक। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जनता कॉलोनी स्थित श्री तेजराम आश्रम मंदिर में गुरु पूजा का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पंडित सुनील वशिष्ठ ने बताया कि इस अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भंडारे का कार्यक्रम किया गया। जिसमें आसपास के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर में सुभाष तायल , सुरेश, बिशंबर तायल, सतीश , महेश तायल, ,संजय जिंदल, सुशील मंगला, सतीश रोहिल्ला, राजीव ग्रेवाल, राजेश, सुनील , अनीता तायल ,राजबाला, सुशीला,आशा तायल, मंजू जिंदल आदि उपस्थित है।

### बुद्ध पूर्णिमा पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



रोहतक। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर लावारिस पीड़ित पशु सेवा संघ की ओर से हवन एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन से हुई, जिसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में एलपीएस बॉसर्ड प्रा. लि. के प्रबंध निदेशक राजेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर डॉ. सुमन मलिक, राजेंद्र दलाल, मास्टर बंगालनंद, राजीव जैन, सन्नी निझावन, मनराम ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में धूमधाम से मनाई गुरु पूर्णिमा

रोहतक। जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। बाल वाटिका-1 से लेकर कक्षा 11वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय निदेशक सुरेंद्र मलिक ने सभी को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि "गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊंचा है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या मधुलिका, कोऑर्डिनेटर एकता तथा सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।





स्कूल परिसर में पौधरोपण करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान।

### बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता ही बचाव : डॉ. खान

रोहतक। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बुधवार को केंद्रीय विद्यालय, रोहतक में पोक्सो एक्ट जागरूकता एवं पौधरोपण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और स्कूल स्टाफ को बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा पोक्सो एक्ट के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर विद्यार्थियों को पौधे भी वितरित किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए पोक्सो एक्ट के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यदि कोई अनुचित स्पर्श, गलत व्यवहार या अप्रिय घटना होती है तो उसे छिपाने के बजाय तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को बताएं। किसी भी घटना पर चुप्पी साधने से समस्या बढ़ सकती है और अपराध करने वाले का मनोबल भी बढ़ता है। कार्यक्रम में डॉ. सतीश शर्मा ने भी पोक्सो एक्ट से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी देते हुए बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत इसकी सूचना परिजनों, शिक्षक या अन्य विश्वसनीय व्यक्ति को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## यातायात नियमों का स्वेच्छा से पालन करें आमजन : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नागरिकों से स्वयं और दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का स्वेच्छा से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि कम करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन यातायात नियमों को सख्ती से लागू कर रहा है। जून 2026 के दौरान जिले में नियमों का उल्लंघन करने वाले 8 हजार 784 वाहन चालकों के चालान किए गए, जबकि 69 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश की गई। उपायुक्त ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। सड़क स्वामित्व एजेंसियों को आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने तथा पुलिस को नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शहर में रेड लाइट जंप करने वालों और मुख्य प्रवेश मार्गों पर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि



जून माह में बिना हेल्मेट दोपहिया वाहन चलाने पर 1134, सीट बेल्ट नहीं लगाने पर 299, ओवरस्पीड के 178, शराब पीकर वाहन चलाने पर 108, गलत पार्किंग के 1366 और गलत दिशा में वाहन चलाने पर 1362 चालान किए गए। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर 4321 चालान किए गए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर नागरिक अपनी और दूसरों की जान सुरक्षित रख सकते हैं।



महम। राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम की तैयारियां का जायजा लेते एसडीएम विपिन कुमार व साथ मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारी।

### महम में जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम आज, सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश

महम। वीरवार 30 जुलाई को सुबह दस बजे महम के राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। एसडीएम विपिन कुमार ने बुधवार को कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम विपिन कुमार ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल के घरौंडा से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर वन महोत्सव के अवसर पर अपना संदेश देंगे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मंच, बैठक व्यवस्था, पौधारोपण स्थल, पेयजल, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग तथा सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के प्रति जन-जागरूकता का महत्वपूर्ण अभियान है।

### गुरु पूर्णिमा पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



रोहतक। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुभाष नगर वासियों ने एक पौधा धरती मां की गोद में अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आरडब्ल्यूए सुभाष नगर के पदाधिकारी प्रवीन सहगल ने कहा कि गुरु ज्ञान की छांव देते हैं और वृक्ष जीवन की। समाजसेवी सुरेश सुनेजा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर पौधा लगाना गुरु और प्रकृति, दोनों के प्रति आभार प्रकट करने का श्रेष्ठ माध्यम है। मातृशक्ति की सहभागिता के साथ प्रवीन सहगल, सुरेश सुनेजा, शाम सहगल और अनिल अरोड़ा ने पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया।

### गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान का शुभारंभ



रोहतक। भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरु रविदास समरस संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु रविदास गुरुद्वारा, तेज कॉलोनी में दीप प्रज्ज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अभियान के जिला संयोजक डॉ.अशोक कुमार रंगा ने किया। इस दौरान राजकुमार शर्मा, बीर सिंह हुड्डा, दलबीर कालसन, मनजीत मेहरा, प्रदीप सिंधु, संत कुमार, प्रीतम साजलान, विनोद अहल्यान तथा प्रवीण सोहल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता रहे।

### गुरु पूर्णिमा पर ग्रोवर ने महात्माओं का लिया आशीर्वाद



रोहतक। गुरु पूर्णिमा पर मनीष ग्रोवर ने कलानौर क्षेत्र के विभिन्न आश्रमों एवं धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने गुरु परंपरा के महत्व को नमन करते हुए संतों के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। ग्रोवर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। वहीं, हिमांशु ग्रोवर ने कपिलपुरी महाराज से आशीर्वाद लिया। मौके पर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन गुलशन ढुआ, नरेश आनंद, पूर्व चैयरमेन सुनील कत्याल, विक्की जुनेजा, सोनू सरदार, सोनू गुलाटी, ईश्वर सिंगल, विकास रहे।



### मोखरा में एनएसएस स्वयं सेवकों ने की विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई

महम। राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय मोखरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक दिवसीय शिविर लगाया गया। इस दौरान एनएसएस स्वयं सेवकों ने विद्यालय प्रांगण की साफ सफाई की। मुख्य वक्ता डॉ.अजय कौशिक ने वर्तमान समय में एनएसएस स्वयंसेवकों की आवश्यकता और राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान विषय पर व्याख्यान दिया। मौके पर प्राचार्या अनिता देवी, एनएसएस के जिला समन्वयक अनुज मलिक, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश, डॉ. अजय , सुरेश सरोहा, सुनील, रवि, संजीव व उद्यम सिंह रहे।

### मदीना सरकारी स्कूल में पौधारोपण कर एसडीएम ने की अभियान की शुरूआत

महम। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपमंडल अधिकारी (ना.) महम विपिन कुमार ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एसडीएम ने कहा कि अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान एवं जिम्मेदारी का प्रतीक है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने भी पौधरोपण किया।





### प्रदेश में 24 फसलों की होगी एमएसपी पर खरीद: चेयरमैन

सांपला। मार्केट कमेटी के चैयरमेन उदयभान मलिक ने बुधवार को मंडी में लोगों को सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा 24 फसलों की एमएसपी पर खरीद की जानकारी दी। चेयरमैन उदयभान मलिक ने तीन पीड़ित परिवारों को चैक बांटे। जिसमें झज्जर जिले के गांव आसंडा निवासी पूनम देवी और बहराणा के राजबीर को पांच पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। जबकि कारौर निवासी राजपाल को 37500 रुपए का चैक दिया। इस मौके पर वायस चैयरमेन हरबंस लाल मकड़, राजेश बंसल, नवीन बंसल, सचिव गर्ग, अमित जिंदल, राजेश, कविता शर्मा रीना आदि उपस्थित थे।

### बंदा बहादुर स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व




रोहतक। बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने गुरु की महिमा का बखान करते हुए प्रेरणादायक भाषण दिए, भावपूर्ण कविताएं पढ़ीं और कबीरदास जी के प्रसिद्ध दोहे प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य सलिल मेहता ने कहा कि गुरु केवल किताबी ज्ञान नहीं देता, बल्कि वह छात्र के चरित्र और भविष्य का निर्माण करता है। मौके पर बाबा जतिन्द्र पाल सिंह सोढ़ी ,गद्दीनशीन, डेरा बाबा बंदा बहादुर एवं स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रधानाचार्य और सभी स्टाफ सदस्यों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं गई।



### जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित, मासिक धर्म स्वच्छता पर किया जागरूक

रोहतक। मेडिकल सर्विस सेंटर( एमएससी) की ने रोहतक शहर के झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में नौवीं बार मासिक धर्म को लेकर जागरूकता अभियान एवं सैनिटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में महिलाओं को निःशुल्क सैनिटरी पैड वितरित किए गए तथा मासिक धर्म के समय साफ-सफाई बनाए रखने, सैनिटरी पैड के सही उपयोग और सुरक्षित निस्तारण के बारे में जानकारी दी गई। अभियान मे टीम ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता न रखने से संक्रमण, खुजली एवं अन्य सभी स्त्री रोग के बारे मे जानकारी दी। एमएससी के महासचिव डॉ. सचिन शर्मा व मीडिया समन्वयक सुभम याद्दव ने बताया कि झुग्गी बस्तियों की अधिकांश महिलाएं अभी तक माहवारी के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करती थी, जिसके कारण संक्रमण की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इन महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए हमारी टीम पिछले 9 महीने से इनके लिए सैनिटरी पैड लेकर आती है और इनके स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी लेती है।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव

# गुरु पूर्णिमा पर दिया सकारात्मक संवाद का संदेश

युवाओं में बढ़ती हताशा व हिंसा के चलते अध्यात्म और संस्कारों से जुड़ने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। गुरु का गुणगान करते आर्ट ऑफ लिविंग रोहतक के गुरु-पूजा शिक्षकों डा. अपर्णा बत्रा, रवि कक्कड़ ,सीमा ,सुगंधा व प्रियंका ।

अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था आर्ट ऑफ लिविंग की रोहतक इकाई ने स्थानीय स्कॉलर्स रोजरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक 'गुरु-परंपरा पूजन' के साथ हुआ जिसे आर्ट ऑफ लिविंग रोहतक के गुरु-पूजा शिक्षकों डा.अपर्णा बत्रा, रवि कक्कड़ ,सीमा ,सुगंधा, प्रियंका , गरिमा श्री ने विधि-विधान पूर्वक संपन्न कराया। तत्पश्चात सुंदर भाव-सत्संग ने सभी श्रोताओं को भक्तिरस में लीन कर दिया। डॉ. रश्मि बजाज , प्रियंका जानागल, सीमा आर्य ने गुरू-वंदन, देव-पूजन एवं प्रभुभक्ति के गीतों की भावमय प्रस्तुति द्वारा एक मनमोहक समा बांध दिया जहां उपस्थित श्रद्धालुजन कभी ध्यानमग्न हुए तो कभी झूम कर नाच उठे। आर्ट ऑफ लिविंग की वरिष्ठ प्रशिक्षिका डॉ. अपर्णा बत्रा ने इस अवसर पर संस्था संस्थापक पद्मविभूषण सम्मानप्राप्त आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी का समाज के नाम संदेश साझा करते हुए यह बताया कि समाज विशेषकर युवाओं में बढ़ती हताशा एवं हिंसा के चलते उन्हें अध्यात्म एवं सुसंस्कारों से जोड़ने की महती आवश्यकता है जिस उत्तरदायित्व को निभाने का प्रयास आर्ट ऑफ लिविंग संस्था भी निरंतर अपने कार्यक्रमों द्वारा कर रही है। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग रोहतक के नए प्रशिक्षकों रोशनी राजपूत एवं यश वर्मा का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू रंजन ,पीयूष, मीनाक्षी , सरिता कक्कड़, उषा छिल्लर, मोहित एवं वरुण की सक्रिय भूमिका रही। प्रसाद- भोजन के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

### जीडी गोयनका में हवन कर मनाई गुरु पूर्णिमा



रोहतक। गुरु पूर्णिमा एवं अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में श्रद्धा, आस्था एवं भारतीय संस्कृति के अनुरूप हवन समारोह का आयोजन किया गया। हवन में विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना, निदेशिका सान्या मायना, सहायक निदेशक डॉ. अमन अग्रवाल, प्रधानाचार्या डॉ. श्रुति शर्मा, हेडमिस्ट्रेस अनामिका बल्हारा ने ज्ञान, समृद्धि, सुख-शांति एवं विश्व कल्याण की कामना की। कहा कि गुरु जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं और उनके आदर्शों का अनुसरण कर ही विद्यार्थी सफलता के शिखर तक पहुँच सकते हैं।

# जिला स्तरीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू पहले दिन अंडर-14 व अंडर-17 के हुए मुकाबले

**खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ मुकाबले खेलने का किया आह्वान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बुधवार को लड़कों की जिला स्तरीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। पहले दिन अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग के मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाने का प्रयास किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ मुकाबले खेलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करते हैं। जिला स्तर की प्रतियोगिताएं प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी क्षमता साबित करने का अवसर प्रदान करती हैं।



रोहतक। जिला स्तरीय स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ के दौरान दोनों टीमों के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान व अन्य कोच। फोटो : हरिभूमि

### निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील

महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कादयान ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूरे समर्पण और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के इंचार्ज डीपी मनोज कादयान ने आयोजन की रूपरेखा की जानकारी दी और सभी टीमों से निर्धारित नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला शारीरिक शिक्षा संघ के महासचिव सत्येंद्र मान, जेड ग्लोबल स्कूल के खेल विभागाध्यक्ष सुरेश राठी, महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता डॉ. प्रवीण धायल, महम ब्लॉक टीम के कोच विकास, नारायण सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डीपी रमेश कुंडू, कोच नितिन, कोच अजय और कोच रोहित सहित अनेक खेल अधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अतिथियों ने सभी टीमों के खिलाड़ियों और टीम प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता के आगामी चरणों में विभिन्न वर्गों के मुकाबले खेले जाएंगे, जिनके आधार पर विजेता टीमें अगले स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होंगी।

## गुरुकुल विश्वभारती का शानदार प्रदर्शन



रोहतक। रोहतक-लाढ़ौत मार्ग स्थित गुरुकुल विश्वभारती (गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय) के खिलाड़ियों ने सीबीएसई क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। 26 से 28 जुलाई तक रेवाड़ी के विवेकानंद पब्लिक स्कूल, लखनौर में आयोजित प्रतियोगिता में गुरुकुल के खिलाड़ियों ने खो-खो स्पर्धा में शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। विद्यालय के क्रीड़ा प्रशिक्षक पंकज कुमार ने बताया कि अंडर-17 आयु वर्ग में गुरुकुल की टीम ने प्रथम स्थान, अंडर-14 वर्ग में द्वितीय तथा अंडर-19 वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि अंडर-17 टीम के 11 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (नेशनल गेम्स) के लिए हुआ है। इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय परिसर में विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। गुरुकुल के निदेशक आचार्य नंदकिशोर और प्राचार्य संजय कौशिक ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प ही सफलता की कुंजी हैं। विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी।

## निजीकरण और एग्रो डिस्कॉम के विरोध में की नारेबाजी

# बिजली कर्मियों ने उपायुक्त कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**जुलूस निकालकर जिला डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रदेशव्यापी आह्वान पर बुधवार को लघु सचिवालय पर बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों ने प्रदर्शन किया। इससे पूर्व कर्मियों ने राजीव गांधी विद्युत भवन पर आम सभा की। इसके बाद डीसी कार्यालय के लिए रवाना हुए। कर्मचारियों ने पैरेलल प्राइवेट डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंस, अलग एग्रो डिस्कॉम के गठन और स्मार्ट मीटर लगाने के विरोध में नारेबाजी की। इसके बाद जुलूस निकालकर जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सर्किल प्रभारी एवं कार्यकारी अभियंता अनिल नागर तथा सुनील दहिया ने की। मंच संचालन संदीप गोयत और विकास दहिया ने किया।

संयुक्त संघर्ष मोर्चा और राज्य कमेटी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र हुड्डा ने आरोप लगाया कि सरकार एग्रो डिस्कॉम के गठन के माध्यम से किसानों और बिजली कर्मचारियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित एग्रो डिस्कॉम शुरुआत से ही 5500 करोड़ रुपये के घाटे के साथ काम करेगी। उनका दावा था कि इस स्थिति में किसानों को मौजूदा दरों पर बिजली उपलब्ध कराना मुश्किल होगा।

सुनील दहिया ने कहा कि यदि सरकार एग्रो डिस्कॉम के गठन और निजीकरण संबंधी फैसलों पर पुनर्विचार नहीं करती तथा संयुक्त संघर्ष मोर्चा से वार्ता नहीं करती, तो प्रदेशभर के बिजली कर्मचारी और अधिकारी 11, 12 और 13 अगस्त को पूर्ण हड़ताल करेंगे। इस दौरान धर्मराज कुंडू, जोगेंद्र बल्हारा, कर्मवीर सिवाच सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया।





रोहतक। मांगों के लिए शहर में प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### निजीकरण का रास्ता तैयार कर रहे

एससी, बीसी एवं एसटी वर्कर्स यूनियन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिजेंद्र भाटिया ने कहा कि प्रदेश के लगभग 92 लाख बिजली उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर बदलने पर औसतन 10 हजार रुपये प्रति मीटर का खर्च आएगा, जिसे वहन करना बिजली निगमों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। गुरुग्राम और नूंह जैसे अधिक राजस्व देने वाले क्षेत्रों में निजी कंपनियों को पैरेलल डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंस देने की पहल से सरकारी बिजली निगमों के राजस्व पर असर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे भविष्य में निजीकरण का रास्ता तैयार किया जा रहा है।

### लाठीचार्ज के विरोध में नपा कर्मियों का प्रदर्शन

रोहतक। पंजाब में सफाई कर्मचारियों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने रोहतक में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का पुतला भी फूंका गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता इकाई प्रधान शंभू टांक ने की। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और कर्मचारी संगठनों के बीच पहले हुए समझौते में कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, ठेका प्रथा समाप्त करने तथा अन्य लंबित मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। उनका आरोप था कि सरकार ने इन मांगों को लागू नहीं किया। मौके पर राजपाल टांक, भीम चावरिया, शंकर टांक, रवि चड्ढा, राजू सौदा, सीताराम दरोगा, आजाद दरोगा, बलबीर दरोगा, दिलावर दरोगा, पुनीत दरोगा, गुलशन दरोगा, अजय दरोगा, जगदीश दरोगा, सिकंदर बिड़लान, राजकुमार टांक, सुभाष चावरिया आदि मौजूद थे।





महम। पंजाब सरकार व आम आदमी पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन करते नगर पालिका व फायर ब्रिगेड के कर्मचारी।

## केजरीवाल और पंजाब सीएम का पुतला फूंका

- बरनाला लाठीचार्ज के विरोध में महम में कर्मचारियों किया प्रदर्शन
- नगर पालिका सचिव नवीन नांदल को सौंपा ज्ञापन

महम। पंजाब के बरनाला में अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रही महिला सफाई कर्मचारियों एवं उनके बच्चों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में आज महम में नगरपालिका व फायरकर्मियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का पुतला दहन कर अपना रोष व्यक्त किया। वक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन बताया और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के उपरांत कर्मचारियों ने नगर पालिका सचिव नवीन नांदल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। हरियाणा सरकार से भी कर्मचारियों से किए गए वादों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। इस मौके पर नगर पालिक कर्मचारी प्रधान संजय कागड़ा, सचिव संजय खरकड़ा, उप प्रधान सन्नी कागड़ा, वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कागड़ा, जिला उप प्रधान बबीता, नरेश, वीरभान, किरण बाला, सीमा, सुमन, भतेरी फायर से शीलू, नेसी, प्रदीप, मंजीत, संदीप व मान आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### छोटूराम पॉलिटेक्निक कॉलेज में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ



रोहतक। हरियाणा सरकार के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बुधवार को छोटूराम पॉलिटेक्निक कॉलेज, रोहतक में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम आशीष कुमार (एचसीएस) ने पौधा लगाकर किया। एसडीएम आशीष कुमार ने विद्यार्थियों और आमजन से पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सतेन्द्र पावड़िया ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कैप्टन आलोक कुमार के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने पौधरोपण में सक्रिय सहयोग दिया। वहीं जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने कॉलेज प्रशासन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर जयकंवार, राजीव शर्मा, डॉ. सुखबीर किन्हा, कार्यक्रम समन्वयक अजेता नांदल, रवि नांदल, सोनू नांदल, आशिमा सिंह, इज्जा, मनीषा हुड्डा, डीपीई बिजेंद्र हुड्डा, अशोक मान, सीमा, प्रवेश युद्धवीर, शशि कुमार आदि उपस्थित रहे।

### विज्ञान प्रश्नोत्तरी में हल्दीघाटी हाउस रहा विजेता





रोहतक। द आर्यन ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता और सामान्य विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से अंतर-सदन विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी वैज्ञानिक समझ, त्वरित निर्णय क्षमता और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, वैज्ञानिक आविष्कार, नोबेल पुरस्कार, भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा समसामयिक विज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। रोमांचक मुकाबले के बाद हल्दीघाटी हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि कारगिल हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य आरके खन्ना और निदेशक सुनीता अहलावत ने विजेता टीम के सभी प्रतिभागियों तथा आयोजन समिति को बधाई दी।

### एडवांटा के डॉक्टरों ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



रोहतक। एडवांटा अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों ने गांव वजीरपुर के महाराज राम प्रसाद परमहंस के डाब्दी धाम में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस जांच शिविर में शुगर, बीपी, थायराइड, नाक, कान, गला व दांतों की जांच की गई। यह स्वास्थ्य जांच शिविर एडवांटा अस्पताल के डॉक्टर मोहित, डॉक्टर अंकुर शर्मा, डॉक्टर रमेश चंद्र, डॉक्टर सचिन, डॉक्टर आर्यन दहिया, डॉक्टर बबीता बर्क, डॉक्टर श्वेता यादव, डॉक्टर मन्नत दवा वितरक, एडवांटा अस्पताल के निर्देशक मोहित मलिक की तरफ से विनीत ने किया। मनोज शर्मा व हिंदुस्तान प्रेस ट्रस्ट के स्वयं सेवकों को सहयोग किया। इस अवसर पर वजीरपुर की ग्रामीण विकास एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष रामफल वैश्य व मदन मोहन के गांव से सम्मानित किया। उधर, उपप्रधान दिलावर रामचंद्र, एक्स सरपंच विरेंद्र, मेंबर रमेश कृष्ण शर्मा व तमाम ग्रामीणों के एडवांटा अस्पताल के निर्देशक मोहित मलिक एवं तमाम डॉक्टरों की टीम का धन्यवाद किया।

### राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलों के लिए दुहन पब्लिक स्कूल की तीन छात्राओं का चयन



रोहतक। दुहन पब्लिक स्कूल, जसिया की तीन छात्राओं का राज्य स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं के लिए चयन होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। कक्षा 9वीं की छात्रा सोनाक्षी का 44 किलोग्राम भार वर्ग तथा कक्षा 10वीं की छात्रा रिया का 57 किलोग्राम भार वर्ग की जूडो प्रतियोगिता के राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलों के लिए चयन हुआ है। वहीं कक्षा 11वीं की छात्रा ऋतिका ने एथलेटिक्स की भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक डॉ. अशोक दुहन ने चयनित छात्राओं को बधाई दी हैं। कार्यकारी निदेशक डॉ. सुनीता दुहन ने विश्वास जताया कि तीनों छात्राएं राज्य स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और रोहतक जिले का नाम रोशन करेंगी। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु राणा ने छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा खेल विभाग को बधाई दी।

### क्या विपक्ष की राजनीति केवल नीट तक सिमट कर रह गई है: अनिल भाटिया



रोहतक। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा उद्योग व्यापार हित मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष अनिल भाटिया और प्रदेश प्रवक्ता ललित मोहन सैनी ने कहा कि आज देश की जनता यह प्रश्न पूछ रही है कि क्या भारत जैसे विशाल राष्ट्र में नीट ही एकमात्र मुद्दा रह गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष विकास, रोजगार, किसानों, व्यापारियों, राष्ट्रीय सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा करने के बजाय केवल एक ही मुद्दे को राजनीतिक लाभ के लिए बार-बार उठाने में लगा हुआ है। अनिल भाटिया ने कहा कि जिस नीट परीक्षा को लेकर देशभर में विवाद खड़ा किया गया था, उसकी पुनः परीक्षा संपन्न हो चुकी है, परिणाम घोषित हो चुके हैं तथा काउंसलिंग प्रक्रिया भी प्रारंभ हो चुकी है। इसके बावजूद विपक्ष इस विषय को लगातार जीवित रखकर राजनीतिक वातावरण को गर्म रखने का प्रयास कर रहा है।





## एनईपी-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वय जरूरी : कृष्ण मोहन

रोहतक। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली, गुणवत्तापूर्ण शोध और दूरदर्शी शैक्षणिक नेतृत्व का समन्वय आवश्यक है। शिक्षकों को बहुविषयक शिक्षा, नवाचार और शोध संस्कृति को बढ़ावा देकर विद्यार्थियों को नैतिक, आत्मनिर्भर और राष्ट्र निर्माण के प्रति उत्तरदायी बनाना होगा। यह बात हरियाणा सरकार के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त आयुक्त (राजस्व) एवं गृह सचिव रहे सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी कृष्ण मोहन ने कही। वे बुधवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) और सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल के संयुक्त तत्वावधान में मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम (एमएमटीटीपी) के तहत आयोजित आठ दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 ओरिएंटेशन एवं सेंसेटाइजेशन कार्यक्रम के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया गया। मुख्य अतिथि कृष्ण मोहन ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य केवल शिक्षा व्यवस्था में सुधार करना नहीं है, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और मानवीय मूल्यों को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना भी है। कार्यक्रम का संचालन मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग, उपनिदेशक डॉ. माधुरी हुड्डा तथा सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल की प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी के समन्वय में हुआ। आठ दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से 100 से अधिक शिक्षक, शोधार्थी और शिक्षाविदों ने भाग लिया।

## पात्र 15 सितंबर तक बनवाएं आयुष्मान कार्ड

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि आयुष्मान भारत हरियाणा स्वास्थ्य संरक्षण प्राधिकरण की लाभार्थी पहचान प्रणाली (बीआईएस) रिपोर्ट के अनुसार रोहतक जिले में 8 लाख 11 हजार 950 नागरिक आयुष्मान भारत योजना के लिए पात्र हैं। पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले में 15 जुलाई से 15 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी पात्र नागरिकों से पीपीपी और आधार कार्ड के साथ अटल सेवा केंद्र या स्वास्थ्य संस्थान पहुंचकर आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की। योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रतिवर्ष पांच लाख तक के निःशुल्क उपचार का प्रावधान है।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- Computer Operator 2
- PRO 4
- Nursing Staff 4
- Ward Boy 4
- Gate Keeper 4

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## एमडीयू टैगोर ऑडिटोरियम में दो को होगा दिव्य वाणी सत्संग

- स्वामी नितानंद सेवा समिति के तत्वावधान में होगा आयोजन, संध्या आरती, पौधरोपण और प्रसाद वितरण भी रहेगा आकर्षण निकलेगी नशामुक्ति साइकिल यात्रा

रोहतक। आध्यात्मिक चेतना के साथ सामाजिक जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से स्वामी नितानंद सेवा समिति, रोहतक द्वारा 2 अगस्त को भव्य दिव्य वाणी सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए साइकिल यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा संध्या आरती, पौधरोपण और प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन रविवार, 2 अगस्त को एमडीयू के टैगोर ऑडिटोरियम, रोहतक में होगा। दोपहर 2:30 बजे मानसरोवर पार्क से टैगोर ऑडिटोरियम तक नशा मुक्ति साइकिल यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें युवाओं और सामाजिक संगठनों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे दिव्य वाणी सत्संग का आयोजन होगा। सत्संग में महंत स्वामी राजेंद्र दास महाराज (तपोभूमि जटेला धाम, मानगढ़, झज्जर) श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचन देंगे। शाम 5:00 बजे संध्या आरती होगी। इसके बाद 5:15 बजे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ पौधों का वितरण भी किया जाएगा। समिति ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पर्यावरण बचाने का आह्वान किया है।

### पूर्व प्रधान ने जांच की मांग उठाई

# गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा में सेवा विस्तार पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा में सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष का सेवा विस्तार दिए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। संस्था के पूर्व प्रधान रामकरण अत्री ने इस निर्णय का विरोध करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो समाज के लोगों के साथ आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को जारी बयान में रामकरण अत्री ने आरोप लगाया कि डॉ. जयपाल शर्मा को नियमों के विपरीत एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया है। उनका कहना है कि संस्था में कार्यरत योग्य वरिष्ठ शिक्षकों को अवसर देने के बजाय यह निर्णय लिया गया। उन्होंने सरकार से सेवा विस्तार के आधार को सार्वजनिक करने की मांग भी की। पूर्व प्रधान ने आरोप लगाया कि संस्था के कार्यकाल के दौरान वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताएं हुई हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने पहरावर स्थित संस्था की भूमि से जुड़े एक धार्मिक कार्यक्रम में एकत्रित धनराशि का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की। रामकरण अत्री ने कहा कि यदि सरकार इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं कराती और संस्था के हित में उचित निर्णय नहीं लेती है तो समाज के लोग आंदोलन करने को विवश होंगे।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते संस्था के पूर्व प्रधान रामकरण अत्री व अन्य के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### पीजीआईएमएस और डॉ. अनीता फाउंडेशन में एमओयू गठित होगा सीएमएचएस

# प्रदेश में हर साल ब्रेस्ट कैंसर के 3500 नए केस, अब होगी जल्दी पहचान व रोकथाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामले देश और हरियाणा दोनों जगह तेजी से बढ़ रहे हैं। भारत में हर साल प्रति 1 लाख महिलाओं पर लगभग 28 से 30 नए मामले सामने आते हैं। वहीं हरियाणा में यह महिलाओं में होने वाले कैंसर का सबसे बड़ा कारण है - हर 4 में से 1 महिला कैंसर ब्रेस्ट का ही होता है। अनुमान है कि हरियाणा में हर साल 3,000 से 3,500 नए ब्रेस्ट कैंसर के केस सामने आते हैं। चिंता की बात यह है कि बड़ी संख्या में महिलाएं अभी भी स्टेज 3 या 4 पर अस्पताल पहुंच रही हैं। यह कहना है पीजीआई के निदेशक डॉ एस के सिंघल का। इसी समस्या को देखते हुए आज हरियाणा में कैंसर की रोकथाम और जल्दी पहचान के लिए पीजीआईएमएस रोहतक, एलपीएस बोसॉर्ड और डॉ. अनीता चैरिटेबल फाउंडेशन के बीच बुधवार को एक ऐतिहासिक समझौता हुआ। दोनों संस्थाओं ने मिलकर कैंसर मुक्त हरियाणा समिति यानी सीएमएचएस के गठन का निर्णय लिया है।

समझौते पर पीजीआईएमएस रोहतक के निदेशक प्रो. डॉ. एसके सिंघल और डॉ. अनीता चैरिटेबल फाउंडेशन के सदस्य ने हस्ताक्षर किए। डायरेक्टर डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि इस समिति का मकसद डॉक्टरों, शोधकर्ताओं, सरकारी विभागों, सामाजिक संस्थाओं और उद्योगों को एक साथ लाकर कैंसर के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करना है।

डीन डॉ. अशोक चौहान ने बताया कि इस पहल की शुरुआत फाउंडेशन के मुफ्त मोबाइल मैमोग्राफी कार्यक्रम की सफलता से हुई है। पिछले दो साल में इस कार्यक्रम के तहत 9 हजार से अधिक महिलाओं की बिल्कुल मुफ्त डिजिटल मैमोग्राफी की गई। हर महिला को जांच की पूरी रिपोर्ट दी गई।



रोहतक। एमओयू दिखाते हुए पीजीआई के निदेशक डॉ. एसके सिंघल और अन्य अधिकारी।

### बड़े स्तर पर लगाए जाएंगे शिविर

जनसंपर्क विभाग के सीनियर प्रोफेसर इंचार्ज डॉ मंजूनाथ बी सी ने बताया कि अब सीएमएचएस के माध्यम से ब्रेस्ट, मुंह और गर्भाशय के कैंसर के लिए बड़े स्तर पर जांच शिविर लगाए जाएंगे। मोबाइल मुंह कैंसर जांच वैन भी शुरू की जाएगी। समय पर पहचान से ब्रेस्ट कैंसर से होने वाली मौतों को 20 से 40 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन्हें मैमोग्राफी में कैंसर मिलेगा उनका आगे पीजीआई में इलाह किया जाएगा। डॉ. अशोक चौहान ने बताया कि पीजीआईएमएस में सर्जरी, कीमो, रेडिशन थेरेपी की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि इस साझेदारी से हरियाणा कैंसर रोकथाम में देश के लिए एक उदाहरण बनेगा। हमारा एक ही संकल्प है - जल्दी पहचानें, जल्दी इलाज करें, जीवन बचाएं।

## खबर संक्षेप

### महिला और बच्चों पर हमला, चार पर केस

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चिड़ी में घर में घुसकर महिला और उसके बच्चों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि गांव के विनोद, उसकी पत्नी कविता और दो अन्य युवक घर के बाहर गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि विनोद ने जेली से हमला किया, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ऑफिस का ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

**सांपला।** नेशनल हाइवे नंबर 9 के साथ फैक्ट्री के पास बने एक आफिस का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने लाखों रुपये का सामना चोरी कर ले गया। पुलिस ने आफिस मालिक दिल्ली निवासी प्रफुल्ल के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि उसके आफिस में एसी, पंखे, वॉटर कूलर, मैट इनवेंटर, बैटरी, कुर्सी आदि सामान था। गुरुवार सुबह आकर देखा तो सब गायब मिला।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई 2026 तक नामांकन आमंत्रित किए हैं। इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों में 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षण संस्थानों और संबंधित संस्थाओं से पात्र बच्चों के नामांकन कराने की अपील की। बहादुरी, खेलकूद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण तथा कला एवं संस्कृति में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले 5 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे पात्र हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति सम्मानित करेंगी।

## दिल की सेहत पर बढ़ता खतरा

# अब 18 साल के युवाओं में भी दिख रहे हार्ट रोग

***स्ट्रेस और खराब लाइफ स्टाइल बने बड़ा कारण, अस्पतालों में रोजाना पहुंच रहे मरीज***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

हेल्थ अलर्ट

अब केवल बुजुर्ग ही नहीं बल्कि युवा भी दिल की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों के कार्डियक विभाग में रोजाना लगभग 20 नए मरीज दिल से संबंधित परेशानियों के साथ पहुंच रहे हैं। इनमें से 7–8 मरीज 40 वर्ष से कम उम्र के होते हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि 18 साल की उम्र के किशोर भी हार्ट की बीमारी से अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण असंतुलित जीवनशैली, मानसिक तनाव और जंक फूड की आदत है। कार्डियक विशेषज्ञ डॉक्टर अर्चित दहिया ने बताया कि हार्ट अटैक (ब्लॉकेज के कारण) धमनियों में रुकावट आ जाने से हार्ट अटैक होता है। इसका सबसे बड़ा कारण धूम्रपान, तली-भुनी चीजें और तनाव माना जाता है। हार्ट पंपिंग पावर कम होना इसमें दिल पर्याप्त रक्त पंप नहीं कर पाता, जिससे हार्ट फेलियर का खतरा बढ़ जाता है। हार्ट रेट कम होना इस स्थिति में मरीज की धड़कन बहुत धीमी हो जाती है और कई बार पेसमेकर लगवाने की जरूरत पड़ती है। ए-टिपिकल लक्षणों वाली समस्या इसमें हार्ट में दिक्कत होने पर भी सीधे लक्षण नहीं दिखते। पैरों में दर्द, शरीर में अजीब हरकतें, चक्कर आना, सांस फूलना या अचानक गिर जाना जैसी समस्याएं सामने आती हैं। उनका कहना है कि जीवनशैली में तेजी से आ रहे बदलाव दिल की सेहत को सबसे ज्यादा प्रभावित कर रहे हैं। बंद पैकेजिंग वाले फूड प्रोडक्ट्स और जंक फूड का अत्यधिक सेवन, मानसिक तनाव और प्रतियोगिता का दबाव, नींद की कमी, नियमित व्यायाम न करना ये सब मिलकर हार्ट ब्लॉकेज और फेलियर के बड़े कारण बनते जा रहे हैं।

### अन्य राज्यों से भी रोहतक आ रहे मरीज

सिर्फ हरियाणा ही नहीं, बल्कि पंजाब, राजस्थान और बिहार समेत कई राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज रोहतक पीजीआई और निजी अस्पतालों में इलाज लिए पहुंच रहे हैं। कैथल, जींद, भिवानी और रेवाड़ी से सबसे ज्यादा केस दर्ज होते हैं। सर्दियों में हार्ट अटैक के केसों की संख्या और बढ़ जाती है, क्योंकि ठंड में ब्लॉकेज का खतरा ज्यादा हो जाता है।

### यह खाएं

- मौसमी फल और हरी पत्तेदार सब्जियां
- ओट्स, दलिया और मल्टीग्रेन आटा
- अखरोट, बादाम और अलसी के बीज
- दालें, राजमा, चना और अन्य साबुत अनाज
- कम वसा वाला दूध और दही
- पर्याप्त मात्रा में पानी
- सीमित मात्रा में सरसों, मूंगफली या जैतून का तेल
- कम नमक और कम चीनी खाएं

### यह न खाएं

- तली-भुनी और अधिक मसालेदार चीजें
- जंक फूड (बर्गर, पिज्जा, फ्रेंच फ्राइज आदि)
- पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड, अधिक नमक वाला भोजन, अधिक चीनी और मिठाइयां, कोल्ड ड्रिंक और शक्करयुक्त पेय, धूम्रपान और शराब का सेवन

### संतुलित आहार और तनाव मुक्त जीवनशैली अपनाएं



दिल की अनदेखी करना खतरनाक साबित हो सकता है। आंकड़े साफ बताते हैं कि अब हार्ट रोग केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि युवा और किशोर भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या और खानपान पर ध्यान देना होगा, तभी दिल को लंबे समय तक स्वस्थ रखा जा सकता है। समय पर जांच, संतुलित आहार और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर हार्ट अटैक जैसे गंभीर खतरों से बचा जा सकता है। खासतौर पर 30 साल की उम्र के बाद लोगों को नियमित रूप से ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की जांच करानी चाहिए ताकि किसी भी समस्या का शुरुआती स्तर पर ही पता लगाया जा सके।

-**डॉ. अर्चित दहिया**, कार्डियक विशेषज्ञ, होली हार्ट अस्पताल

---

**110 वाहन फर्जी नंबर प्लेट के साथ पकड़े**

# वाहन चोरों का फर्जी नंबर प्लेट नेटवर्क सक्रिय, आठ माह में 240 वाहन चोरी

- चोरी के बाद बदल दी जाती है वाहन की पहचान, फर्जी आरसी-दस्तावेज तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

सिटी अलर्ट

रात के अंधेरे में चोरी हुई बाइक या कार सुबह तक किसी और जिले की हो जाती है। कुछ घंटों में उसकी नंबर प्लेट बदल जाती है, फर्जी आरसी और इंश्योरेंस तैयार हो जाते हैं और फिर वही वाहन किसी नए खरीदार के हाथों बेच दिया जाता है। रोहतक में वाहन चोरी के मामलों की जांच में सामने आ रहे तथ्य इस ओर इशारा कर रहे हैं कि चोरी की गाड़ियों को फर्जी नंबर प्लेट लगाकर नई पहचान देने का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। कम कीमत के लालच में वाहन खरीदने वाले लोग भी अनजाने में इस अवैध कारोबार का हिस्सा बन रहे हैं। पिछले आठ महीनों में जिले में 240 वाहन चोरी के मामले दर्ज हुए हैं। वहीं पुलिस कार्रवाई के दौरान 110 वाहन फर्जी नंबर प्लेट के साथ पकड़े जा चुके हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि वाहन चोरी के बाद सबसे पहला काम उसकी पहचान मिटाना होता है, ताकि पुलिस की पकड़ से बचा जा सके। जांच एजेंसियों के अनुसार वाहन चोरी के कुछ ही घंटों के भीतर नंबर प्लेट बदल दी जाती है। कई मामलों में ऐसे वाहनों के इंजन और चेसिस नंबर तक से छेड़छाड़ कर दी जाती है, जिससे पहचान करना और भी कठिन हो जाता है।



फोटो : एआई

### ऐसे बदलती है पहचान

- चोरी के कुछ घंटों में नंबर प्लेट बदल दी जाती है।
- फर्जी आरसी, इंश्योरेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र होते हैं तैयार
- कबाड़ या दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के नंबर का इस्तेमाल
- कई मामलों में इंजन और चेसिस नंबर से भी छेड़छाड़
- सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफॉर्म पर ढूढ़ते है खरीदार
- दूसरे जिलों व अन्य राज्यों में वाहन बेच दिए जाते हैं।

### खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान

- आरसी की सत्यता जांचें।
- इंजन और चेसिस नंबर का मिलान करें।
- ऑनलाइन वाहन रिकॉर्ड जरूर देखें।
- इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाणपत्र की जांच करें।
- संदिग्ध रूप से सस्ते वाहन खरीदने से बचें।

### कबाड़ वाहनों के नंबर का दुरुपयोग

पुलिस के अनुसार, गिरोह कबाड़ या दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के नंबर और दस्तावेज चोरी की गाड़ियों पर लगाकर फर्जी आरसी, इंश्योरेंस व प्रदूषण प्रमाणपत्र तैयार करते हैं, ताकि वाहन वैध दिखाई दे।

### ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बने नया बाजार

वाहन चोर अब पारंपरिक तरीकों तक सीमित नहीं हैं। सोशल मीडिया, ऑनलाइन बिक्री प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से खरीदार तलाशे जा रहे हैं। कम कीमत में अच्छी स्थिति की बाइक या कार का लालच देकर सौदा किया जाता है। कई खरीदार बिना दस्तावेजों की जांच किए ही वाहन खरीद लेते हैं और बाद में पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ता है।

### तकनीक बन रही पुलिस की सबसे बड़ी ताकत

वाहन चोरी और फर्जी नंबर प्लेट के मामलों को सुलझाने में अब तकनीक अहम भूमिका निभा रही है। शहर और हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे तथा तकनीकी सर्विलांस के जरिए संदिग्ध वाहनों की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है।

### अभियान चलाया जा रहा



वाहन चोरी और फर्जी नंबर प्लेट लगाने वाले गिरोहों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। तकनीकी सर्विलांस, सीसीटीवी और एएनपीआर कैमरों की मदद से आरोपियों तक पहुंचा जा रहा है। आम नागरिक भी पुराना वाहन खरीदते समय दस्तावेजों और वाहन की पूरी जांच अवश्य करें। किसी भी संदिग्ध वाहन या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

-**गौरव राजपुरोहित**, एसपी, रोहतक

### अपराध में इस्तेमाल के बाद बेच देते हैं

जांच एजेंसियों को आशंका है कि चोरी की गई कुछ बाइक और कारों का इस्तेमाल पहले अन्य आपराधिक घटनाओं में किया जाता है। बाद में उनकी पहचान बदलकर उन्हें बेच दिया जाता है, ताकि अपराध और वाहन चोरी दोनों की कड़ी टूट जाए।

---

**सफाई मित्रों को डायरिया से बचाव का संदेश**

# स्वच्छता अभियान में 7 चालान, 14,300 जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

नगर निगम द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत बुधवार को बस स्टैंड के समीप स्टॉप डायरिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना, बरसात के मौसम में डायरिया जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की जानकारी देना रहा। वहीं, टीम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले पांच दुकानदारों के चालान कर 13,500 का जुर्माना लगाया। कुल 7 चालानों के माध्यम से 14,300 का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र दुहन ने बताया कि अभियान के दौरान सफाई मित्रों को ओआरएस पिलाया गया और उन्हें डायरिया के लक्षण, कारण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बरसात के मौसम में स्वच्छ पेयजल का सेवन, हाथों की नियमित सफाई, ताजा एवं स्वच्छ भोजन तथा शरीर में पानी की कमी होने पर समय-समय पर ओआरएस का उपयोग डायरिया से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।



**रोहतक।** दुकानदार को चालान देते नगर निगम की टीम।

### स्वच्छता नियमों का उल्लंघन पर सख्ती

स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की इस दौरान नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने शहर में स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की। टीम ने गंदगी फैलाने वाले दो लोगों के चालान कर 800 तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले पांच दुकानदारों के चालान कर 13,500 का जुर्माना लगाया। कुल 7 चालानों के माध्यम से 14,300 का जुर्माना वसूला गया। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान और प्रवर्तन कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

---

## न्यूज डायरी

### बड़ी कार्रवाई: दो युवकों से दो देसी पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद





**रोहतक।** रोहतक पुलिस की अपराध शाखा टीमों ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। अपराध शाखा-1 ने पाड़ा मोहल्ला निवासी राहुल पुत्र दीपक को खोखराकोट क्षेत्र से एक देसी पिस्तौल सहित पकड़ा। वहीं, अपराध शाखा महम की टीम ने गांव नसीरपुर निवासी कुशाल को पोजीट्रोन चौक, सनसिटी के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए। दोनों के खिलाफ संबंधित थानों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### जलेबी चौक पुल के नीचे से पिस्तौल और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** रोहतक पुलिस की सीआईए-2 टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर झज्जर रोड स्थित जलेबी चौक पुल के नीचे से एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी की पहचान मेहर सिंह निवासी गांव डीघल, जिला झज्जर के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी हथियार का कोई वैध लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका। थाना शिवाजी कॉलोनी में शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की टांग टूटी, केस दर्ज

**महम।** सीसर खास गांव के पास हुए एक सड़क हादसे में ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और इस हादसे में उसकी एक टांग भी टूट गई। पुलिस को दी शिकायत में भिवानी जिले के कालुवास गांव निवासी उदयराज पुत्र गुलाब सिंह ने बताया कि वह भिवानी में ऑटो कार प्वाइंट लिमिटेड में नौकरी करता है। वह बाइक पर सवार होकर गांव कालुवास से जींद जिले के गांव किलाजफरगढ़ जा रहा था। उसके साथ बाइक पर पिता गुलाब सिंह व उनके गांव के ही राजपाल पुत्र हरद्वारी लाल भी थे। जब वे सीसर खास गांव से आगे रजवाहे के पास पहुंचे तो एक ट्रैक्टर चालक ने तेज स्पीड से चलाते हुए बाइक में सीधी टक्कर मार दी। बाइक सड़क पर गिर गई। इस हादसे में पिता को मामूली चोटें आई थीं। और पीछे बैठे राजपाल को काफी चोटें आई थी। मौके पर ही उसका पैर टूट गया था। राजपाल को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। बाद में परिजन उसको उपचार के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में ले गए। ट्रैक्टर चालक की पहचान महम के वार्ड 14 निवासी सचिन पुत्र बालुराम के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

---

# रोजाना लेट चल रही रेवाड़ी जींद पैसेंजर से यात्री परेशान

**समय पर संचालन की मांग, सौंपा ज्ञापन**



**रोहतक।** दैनिक रेल यात्री स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

रेवाड़ी-रोहतक-झज्जर-जींद रेलखंड पर चलने वाली ट्रेन संख्या 74015/74016 के लगातार विलंब से संचालित होने पर दैनिक रेल यात्रियों ने नाराजगी जताई है। इस संबंध में यात्रियों ने स्टेशन मास्टर, रोहतक को ज्ञापन सौंपकर ट्रेन का नियमित समय पर संचालन सुनिश्चित करने की मांग की है। दैनिक रेल यात्रियों ने बताया कि ट्रेन संख्या 74016 (जींद से रेवाड़ी) पिछले काफी समय से अपने निर्धारित समय शाम 5:45 बजे रोहतक पहुंचने के बजाय काफी देर से पहुंच रही है। यात्रियों का आरोप है कि कई बार इस ट्रेन को रोहतक से पहले रोककर अन्य ट्रेनों, विशेषकर ट्रेन संख्या 54009 जैसी गाड़ियों को प्राथमिकता दी जाती है, जबकि उनका निर्धारित समय बाद का होता है। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 74015 (रेवाड़ी से जींद), जिसका निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 7:15 बजे है, उसे भी बीच मार्ग में विशेषकर बोहर स्टेशन या अन्य स्थानों पर लंबे समय तक रोक दिया जाता है। यात्रियों का कहना है कि जब इस संबंध में स्टेशन स्तर पर जानकारी ली जाती है तो कंट्रोल रूम के निर्देशों का हवाला दिया जाता है।

# भैणी चंद्रपाल में तालाब के जलभराव से लोग परेशान, बीमारियों का खतरा

**दुकानदार बोले, व्यापार चौपट हो रहा, गंदगी के कारण ग्राहक मुंह मोड़ रहे**





हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाखनमाजरा

क्षेत्र के गांव भैणी चंद्रपाल के सलपर पाना स्थित तालाब के आसपास जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। लगातार बारिश के बाद तालाब के साथ लगने वाली गली में करीब दो फुट तक पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैलने लगी है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब का पानी लंबे समय तक जमा रहने से उसमें सड़ांध पैदा हो जाती है। बदबू के कारण आसपास रहने वाले लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है और मच्छरों की संख्या बढ़ने से डेंगू, मलेरिया तथा अन्य जलजनित बीमारियों की आशंका बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। ग्रामीण प्रकाश, तकदीर, वजीर, सुरेश, कृष्ण कुमार, मोनू कुमार, बलराज, संजय कुमार, नंदा राम, नीरज सिवाच, सोनू बाज, संदीप, अमित कुमार, जगन सहित अन्य लोगों ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि कई वर्षों से हर बरसात में यही स्थिति बन जाती है। उन्होंने कहा कि तालाब की नियमित सफाई और पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी गली में भर जाता है, जिससे पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। क्षेत्र के दुकानदारों ने बताया कि यह गांव से शहर जाने वाला मुख्य मार्ग है। जलभराव के कारण लोगों का आना-जाना लगभग बंद हो जाता है, जिससे दुकानों पर ग्राहकों की संख्या कम हो जाती है और व्यापार पर सीधा असर पड़ता है।

---

## जिले का हरित क्षेत्र केवल 2.64%, पौधरोपण अभियान को रफ्तार

***स्कूलों, पंचायतों और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से होगा व्यापक पौधरोपण***

# अच्छी पहल: आधार कार्ड की कॉपी दें वन विभाग की नर्सरी से 5 पौधे मुफ्त लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

मानसून के दौरान हरियाली बढ़ाने के लिए वन विभाग ने जिले में पौधारोपण अभियान तेज कर दिया है। इसके तहत कोई भी नागरिक आधार कार्ड की प्रति जमा कर वन विभाग की किसी भी सरकारी नर्सरी से पांच अलग-अलग प्रजातियों के पौधे निशुल्क प्राप्त कर सकता है। विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण से जोड़ना और जिले का हरित क्षेत्र बढ़ाना है। जिले में वन विभाग की महम मुख्यालय नर्सरी, सांघी नर्सरी, सांपला नर्सरी, सुनारिया नर्सरी, लाखनमाजरा नर्सरी, बीएसबी नर्सरी तथा समरगोपालपुर हर्बल पार्क नर्सरी से आम नागरिकों को पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन नर्सरियों में नीम, पीपल, बरगद, अर्जुन, शीशम, जामुन, अमलतास, कचनार, करंज, आंवला, बेल सहित छायादार, फलदार और औषधीय प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं।



### वन विभाग के अधीन 4,600 हेक्टेयर भूमि

ध्यान रहे कि जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल करीब 1.74 लाख हेक्टेयर है। इसमें लगभग 4,600 हेक्टेयर भूमि वन विभाग के नियंत्रण में है, जो जिले के कुल क्षेत्रफल का करीब 2.64 प्रतिशत है। जिले में अधिकांश वन क्षेत्र सड़क, नहर और रेलवे लाइन के किनारे विकसित हरित पट्टियों के रूप में है, जबकि घने प्राकृतिक जंगल नहीं हैं। वन विभाग की नर्सरियों में नीम, पीपल, बरगद, अर्जुन, शीशम, जामुन, अमलतास, कचनार, करंज, गुलमोहर, आंवला, बेल सहित छायादार, फलदार और औषधीय प्रजातियों के पौधे उपलब्ध हैं। नागरिक अपनी पसंद के पांच पौधे चुन सकते हैं। पौधे लेने के लिए आधार कार्ड की प्रति जमा करानी होगी, ताकि वितरण का रिकॉर्ड रखा जा सके और एक व्यक्ति को निर्धारित संख्या से अधिक पौधे जारी न हों।

### मानसून पौधरोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय

वन विभाग का कहना है कि मानसून पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय है, क्योंकि इस मौसम में पौधों के जीवित रहने की संभावना अधिक रहती है। विभाग ने स्कूलों, पंचायतों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं से भी अभियान में भागीदारी की अपील की है। जिले में सरकारी संस्थानों, पंचायत भूमि, सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर भी बड़े स्तर पर पौधारोपण कराया जा रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बढ़ते तापमान के बीच रोहतक जैसे मैदानी जिले में हरित क्षेत्र बढ़ाना समय की आवश्यकता है।

### अंधविश्वास पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए 1 अगस्त को कार्यशाला

**रोहतक।** हरियाणा विज्ञान मंच की ओर से 1 अगस्त को कर्मचारी भवन, सुखपुरा चौक स्थित सभागार में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक एवं फेडरेशन ऑफ इंडियन रेशनलिस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र नायक के नेतृत्व में 'चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम सायं 4:30 बजे से 6:30 बजे तक चलेगा। संस्था के पदाधिकारी सतबीर नागल ने बताया कि कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. नरेंद्र नायक तथाकथित चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत करेंगे और बताएंगे कि किस प्रकार कई तथाकथित चमत्कार वैज्ञानिक तथ्यों के बजाय भ्रम या हाथ की सफाई पर आधारित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डॉ. नायक ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, अमेरिका सहित कई देशों में वैज्ञानिक सोच और तर्कशीलता को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके हैं। उनका उद्देश्य समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और लोगों को किसी भी दावे पर आंख मूंदकर विश्वास करने के बजाय पहले उसे समझने, परखने और फिर स्वीकार करने के लिए प्रेरित करना है।